एडमिनिस्ट्रेशन की क्या जबान होनी चाहिये, उस कमेटी ने अपना काम पूरा कर लिया है या नहीं और उसकी रिपोर्ट क्या सरकार के पास आयी है ?

**श्री दातार** : जी हां रिपोर्ट आयी है ।

**श्री राधा रमण** : क्या मैं जान सकता हूं कि उस रिपोर्ट का सारांश क्या है ?

**श्री दातार** : अभी तो वह रिपोर्ट मेरे पास नहीं है ।

**Shri Shree Narayan Das**: What were the specific subjects in this memorandum?

**Shri Datar**: The specific subject was with regard to the need, according to them, of making Hindi the official language in the Delhi administration.

**श्री राधा रमण** : क्या मैं यह जान सकता हूं कि इस रिपोर्ट के शाया करने में और इसका सारांश बताने में इतनी जो देरी लग रही है उसका क्या कारण है और कब तक यह उम्मीद की जा सकती है कि उस रिपोर्ट का फैसला हम लोगों के सामने रखा जा सकेगा ?

**श्री दातार** : उस रिपोर्ट के सम्बन्ध में कुछ और विषय भी हैं जिन पर विचार करना जरूरी है ।

**श्री भक्त दर्शन** : क्या इस सम्बन्ध में निर्णय करते समय इस बात का पता लगाने की कोशिश की जायेगी कि दिल्ली राज्य में किस भाषा के पढ़ने वाले छात्र कितने हैं यानि हिन्दी के पढ़ने वाले छात्र कितने हैं और उर्दू के कितने हैं ?

**श्री दातार** : उस पर भी विचार होगा

**Shri T. K. Chaudhuri**: Is it a fact that for more than a century Urdu has been the local language of Delhi, and is there any proposal to oust that language from Delhi?

**Shri Datar**: Urdu has also been in use in Delhi. That also will have to be taken into account. That was the reason why I stated that there were certain connected questions.

**Dr. Ram Subhag Singh**: The question was whether for more than a century English was the official language and whether that must continue....

**Shri T. K. Chaudhuri**: That was not at all my question.

**Mr. Speaker**: I have followed the question. Hon. Members want to elicit answers from the Ministers. But they are making themselves Ministers. Why should they answer? Hon. Members must allow the Minister to answer. They should also hear patiently the question that is asked.

**Shri Datar**: It is true that Urdu was a language of the administration for some time. I do not know whether it was so for 100 years as the hon. Member suggests. Therefore, the question of Urdu has also to be considered. That was the reason why I stated that in considering this question of the representation, we have to take other connected questions into account as well.

संस्कृत शिक्षा आयोग

+

१४४४ { श्री भक्त दर्शन
श्री दी० च० शर्मा
श्री राम कृष्ण
श्री नवदेव स्नातक }

क्या शिक्षा और वैज्ञानिक गवेषणा मंत्री २६ मई, १९५७ के तारांकित प्रश्न संख्या ५८८ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या संस्कृत शिक्षा आयोग ने अपना कार्य समाप्त कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उसके प्रतिवेदन की एक प्रति सभा-पटल पर रखी जायेगी और

(ग) अगर नहीं, तो आयोग को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने में कितना समय और लगेगा ?

शिक्षा और वैज्ञानिक गवेषणा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली) :

(क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) आशा की जाती है कि आयोग अपनी रिपोर्ट अक्तूबर १९५७ तक पेश कर देगा ।

**An Hon. Member:** In English also.

**Mr. Speaker:** Yes.

**Dr. K. L. Shrimali:** (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) The Commission is expected to submit its report by October, 1957.

श्री भक्त दर्शन : पिछली बार इस प्रश्न का उत्तर देते हुए माननीय मंत्री जी ने बताया था कि यह आयोग अगस्त तक अपना कार्य समाप्त कर लेगा । मैं जानना चाहता हूं कि फिर इसमें इतनी देरी होने का क्या कारण है?

डा० का० ला० श्रीमाली : यह सत्य है कि कमीशन का यह विचार था कि वह अगस्त तक अपनी रिपोर्ट दे सकेंगे, लेकिन बाद में उन्होंने लिखा कि उन के पास इतना ज्यादा काम है, उन को इतने लोगों की गवाहियां लेनी पड़ी हैं, उन के पास इतना मसाला है कि वह अगस्त तक अपनी रिपोर्ट नहीं दे सकेंगे । उन्होंने दरख्वास्त की कि अवधि अक्तूबर तक बढ़ा दी जाये ।

श्री भक्त दर्शन : क्या इस आयोग ने विभिन्न भागों का दौरा करने का कार्यक्रम पूरा कर लिया है और क्या अब वह एक जगह पर बैठ कर रिपोर्ट तैयार कर रहा है ?

डा० का० ला० श्रीमाली : जी हां, दौरा करीब करीब समाप्त हो गया है ।

## राजनैतिक पीड़ित

*१४४५. श्री विभूति मिश्र : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार दिल्ली के राजनैतिक पीड़ितों को सहायता देने के लिये एक योजना बना रही है ;

(ख) यदि हां, तो उस योजना का स्वरूप क्या है ; और

(ग) वह कब तक लागू कर दी जायेगी ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री दातार) : (क) दिल्ली राज्य सलाहकार समिति ने हाल ही में इस विषय पर विचार करके कुछ सुझाव दिए हैं ;

(ख) राजनैतिक पीड़ितों को छोटे उद्योग धंधे या फिर से कारोबार शुरू करने के लिए कर्ज के रूप सहायता, रोजगार दिलाने की उचित सुविधाएं और उनके आश्रितों को छात्र-वृत्तियां दिए जाने का प्रस्ताव है ।

(ग) दिल्ली प्रशासन से कहा गया है कि जितनी जल्दी सम्भव हो सके वह विस्तृत विवरण तैयार करके इन प्रस्तावों को अमल में लाए ।

**An Hon. Member:** In English also.

**Mr. Speaker:** Yes.

**Shri Datar:** (a) The Delhi State Advisory Committee has considered this matter recently and made certain suggestions.

(b) It is proposed to grant relief in the form of loans for rehabilitation in business or small scale industry, reasonable facilities for employment, and educational stipends for the dependents of political sufferers.

(c) Delhi Administration have been asked to work out the details and give effect to these proposals as early as possible.

श्री विभूति मिश्र : क्या सरकार और स्टेट्स के राजनीतिक पीड़ितों को भी इसी तरह की सहूलियतें देने की बात सोच रही है ?

श्री दातार : सरकार इन सब प्रश्नों पर विचार कर रही है और दिल्ली प्रशासन को जल्दी से सूचना देने के लिए कहा गया है ।